# हिंदी कवयित्री गगन गिल को साहित्य अकादमी सम्मान

## 21 भाषाओं के लिए पुरस्कारों की घोषणा

**भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली**

साहित्य अकादमी ने बुधवार को इस साल के पुरस्कारों की घोषणा की। हिंदी में कवयित्री गगन गिल को उनकी कृति 'मैं जब तक आई बाहर' के लिए सम्मान मिलेगा। फ़िलहाल 21 भाषाओं के लिए पुरस्कार की घोषणा की गई है। इनमें 8 कविता संग्रह, 3 उपन्यास, 2 कहानी संग्रह, 3 निबंध, 3 साहित्यिक आलोचना, 1 नाटक और 1 शोध की पुस्तक शामिल हैं। अंग्रेजी में ईस्टरिन किरे, मराठी में सुधीर रसाल, गुजराती में दिलीप झावेरी, मैथली में महेंद्र मलंगिया व अन्य को साहित्य सम्मान मिला है। उर्दू, बांग्ला, व डोगरी के लिए विजेताओं का ऐलान एक-दो महीने में किया जाएग। सभी साहित्यकारों को यह सम्मान 8 मार्च को दिया जाएगा।